**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**प्रेस विज्ञप्ति**

1. संसद का शीतकालीन सत्र, 2023, जो सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से आरंभ हुआ था, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सत्र के दौरान 18 दिनों की अवधि में कुल 14 बैठकें हुई।

2. सत्र के दौरान लोक सभा में 12 विधेयक पुर:स्थापित किए गए और लोक सभा द्वारा 18 विधेयक पारित किए गए और राज्य सभा द्वारा 17 विधेयक पारित किए गए। लोक सभा की अनुमति से 3 विधेयक वापस लिए गए और राज्य सभा की अनुमति से 1 विधेयक वापस लिया गया। सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयकों की कुल संख्या 19 है।

3. सत्र के दौरान, वर्ष 2023-24 की अनुपूरक अनुदान मांगों के पहले बैच और वर्ष 2020-21 की अतिरिक्त अनुदान मांगों पर चर्चा की गई और पूर्ण रूप से मतदान किया गया तथा संबंधित विनियोग विधेयकों को दिनांक 12.12.2023 को लोक सभा में पुर:स्थापित किया गया और लगभग 05 घंटे 40 मिनट की चर्चा के बाद पारित किया गया। राज्य सभा ने करीब 22 मिनट की बहस के बाद दिनांक 19.12.2022 को इन विधेयकों को लौटा दिया।

4. सत्र के दौरान, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का निरसन करते हुए आपराधिक न्याय प्रणाली से संबंधित तीन ऐतिहासिक विधेयक अर्थात भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 पारित किए गए।

5. लोक सभा में पुर:स्थापित विधेयकों, लोक सभा/राज्य सभा द्वारा पारित विधेयकों और दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयकों की सूची अनुबंध के रूप में संलग्न है।

6. सत्र के दौरान दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए कुछ प्रमुख विधेयक इस प्रकार हैं:

- **अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023** – विधि व्यवसायी अधिनियम, 1879 का निरसन करने और विधि व्यवसायी अधिनियम, 1879 की धारा 36 के उपबंधों को अधिवक्ता अधिनियम, 1961 में शामिल करने की व्यवस्था करता है।

- **जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023** – जम्मू और कश्मीर आरक्षण अधिनियम, 2004 में 'दुर्बल और शोषित वर्गों (सामाजिक जातियां)' के नाम को बदल कर 'अन्य पिछड़ा वर्ग' करने की मांग करता है।

- **जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023** – जम्मू और कश्मीर विधान सभा में कश्मीरी विस्थापितों के समुदाय में से दो से अनधिक सदस्यों को नामनिर्देशित करने की मांग करता है जिनमें से एक महिला होगी और एक सदस्य पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर से विस्थापित व्यक्तियों में से होगा।

- **केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023** – तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना का उपबंध करता है।

- **निरसन और संशोधन विधेयक, 2023** – 76 पुराने और अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने की मांग करता है।

- **दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2023** – दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा अधिनियम, 2011 की वैधता को 01.01.2024 से 31.12.2026 तक तीन साल की अवधि के लिए विस्तारित करने की मांग करता है, जिससे दिल्ली में अप्राधिकृत विकास के कुछ रूपों को दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान की जा सके।

- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023** – मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि तथा निर्वाचन आयोग द्वारा कारबार के संव्यवहार के लिए प्रक्रिया को विनियमित करने और उससे संबंधित या उनके आनुषंगिक विषयों को विनियमित करने की व्यवस्था करता है।
- **प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023** – प्रेस, नियतकालिक पत्रिकाओं के रजिस्ट्रीकरण और उससे संबंधित या उनके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने की मांग करता है।
- **दूर संचार विधेयक, 2023** – दूरसंचार सेवाओं और दूरसंचार नेटवर्क के विकास, विस्तार और प्रचालन है; स्पेक्ट्रम समनुदेशन से संबंधित कानूनों में संशोधन करने और उन्हें समेकित करने और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करता है।

7. राज्य सभा में, नियम 176 के तहत श्री डेरेक ओब्राइन, संसद सदस्य द्वारा "देश में आर्थिक स्थिति" पर एक अल्पावधि चर्चा हुई जो 10 घंटे 25 मिनट तक चली।

8. लोक सभा की उत्पादकता लगभग 74% व राज्य सभा की उत्पादकता लगभग 79% रही।

***

अनुबंध

**17वीं लोक सभा के 14वें सत्र और राज्य सभा के 262वें सत्र (शीतकालीन सत्र, 2023) के दौरान निष्पादित विधायी कार्य**

I. <u>लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए विधेयक</u>

1. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023
2. विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2023
3. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2023
4. भारतीय न्याय (दूसरी) संहिता, 2023
5. भारतीय नागरिक सुरक्षा (दूसरी) संहिता, 2023
6. भारतीय साक्ष्य (दूसरा) विधेयक, 2023
7. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
8. संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023
9. केंद्रीय माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
10. अनंतिम कर संग्रहण विधेयक, 2023
11. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2023
12. दूर संचार विधेयक, 2023

II. <u>लोक सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक</u>

1. अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023
2. जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023
3. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023
4. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023
5. विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2023
6. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2023
7. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
8. संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023
9. डाकघर विधेयक, 2023
10. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2023
11. केंद्रीय माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
12. अनंतिम कर संग्रहण विधेयक, 2023
13. भारतीय न्याय संहिता, 2023
14. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023
15. भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023
16. दूर संचार विधेयक, 2023
17. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023
18. प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023

III. <u>राज्य सभा द्वारा पारित किए गए/लौटाए गए विधेयक</u>

1. डाकघर विधेयक, 2023
2. जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023
3. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023
4. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023

5. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023
6. निरसन और संशोधन विधेयक, 2023
7. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
8. संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023
9. विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2023
10. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2023
11. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2023
12. केंद्रीय माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
13. अनंतिम कर संग्रहण विधेयक, 2023
14. भारतीय न्याय संहिता, 2023
15. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023
16. भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023
17. दूर संचार विधेयक, 2023

## IV. दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयक

1. अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023
2. जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023
3. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023
4. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023
5. निरसन और संशोधन विधेयक, 2023
6. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
7. संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023
8. डाकघर विधेयक, 2023
9. विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2023
10. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2023
11. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2023
12. केंद्रीय माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
13. अनंतिम कर संग्रहण विधेयक, 2023
14. भारतीय न्याय संहिता, 2023
15. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023
16. भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023
17. दूर संचार विधेयक, 2023
18. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023
19. प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023

## V. लोक सभा में वापस लिए गए विधेयक

1. भारतीय न्याय संहिता, 2023
2. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023
3. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023

## VI. राज्य सभा में वापस लिया गया विधेयक

1. भारतीय दूर संचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2008